बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0, 104
"खाद्य भवन", दारोगा प्रसाद राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001

8

कार्यालय आदेश।

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर अनुशंसित अभ्यर्थी श्री हेमन्त पाण्डेय (रौल नं0-106336) को अधोलिखित शर्तों के अधीन वेतनमान रु0 9300- 34,800/- ग्रेड पे 4600/- में समय-समय पर स्वीकृत अनुमान्य शर्त्तों के साथ परीक्ष्यमान् सहायक प्रबंधक के पद पर जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, किशनगंज के अधीन कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

2. अभ्यर्थियों की तत्काल औपबंधिक रुप से इस शर्त के साथ नियुक्ति की जाती है कि यदि विशेष शाखा या पुलिस अधीक्षक से उनके संबंध में तथा उनके द्वारा समर्पित शैक्षणिक प्रमाण पत्र/अन्य प्रमाण पत्रों की सम्पुष्टि क्रम में कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है अथवा कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित अभ्यर्थी की सेवा तत्कालिक प्रभाव से रद्द की जा सकेगी एवं उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कारवाई भी की जा सकेगी।
3. श्री पाण्डेय की पारस्परिक वरीयता बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा निर्धारित संयुक्त मेधा क्रमांक से अनुमान्य होगा।
4. श्री पाण्डेय को यह निदेश दिया जाता है कि वे दिनांक 25.11.16 के पूर्वाह्न तक संबंधित जिला प्रबंधक के कार्यालय में अपना योगदान समर्पित करेंगें।
5. श्री पाण्डेय को निदेशित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत शैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्र इत्यादि समर्पित/प्रस्तुत नहीं किया है, वे योगदान के साथ उक्त वांछित प्रमाण पत्र निश्चित रुप से समर्पित करेंगें, अन्यथा उनका योगदान स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
6. श्री पाण्डेय, परीक्षा विवरणी में निर्गत Annexure-III में एकरारनामा अनिवार्य रुप से योगदान के पूर्व मुख्यालय में प्रस्तुत करेंगें।

प्रबंध निदेशक के आदेश से।

ह0/-
प्रमुख प्रशासन।

ज्ञापांक-3:02:187:01:16-13717 दिनांक- 21/11/16

प्रतिलिपिः- सभी प्रमुख/सभी प्रभारी उप प्रमुख/गोपनीय शाखा, मुख्यालय/जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, किशनगंज एवं संबंधित सहायक प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रमुख प्रशासन।

ज्ञापांक-3:02:187:01:16-13717 दिनांक- 21/11/16

प्रतिलिपिः- प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रमुख प्रशासन।

-11-16

AR/*